आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.02.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- उद्योग निदेशालय की ओर से श्री विजयपुरम में ''अण्डमान फूड टेक'' कॉन्क्लेव का आयोजन–कार्यक्रम में खाद्य प्रसंस्करण के लिए नए उत्पादों पर चर्चा की गई।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस फरवरी को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे।
- केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज ग्रीन शिपिंग कॉन्क्लेव का उद्‌घाटन करते हुए वैश्विक समुद्री स्थिरता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।
- भारतीय जीव–विज्ञानी और वन्यजीव संरक्षणवादी पूर्णिमा देवी बर्मन को टाइम पत्रिका द्वारा वुमन ऑफ द ईयर नामांकित किया गया।

<><><><><><><>

भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय और इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स, कोलकाता के सहयोग से उद्योग निदेशालय की ओर से ''अण्डमान फूड टेक'' कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्योग विभाग की सचिव पल्लवी सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। उन्होंने अपने संबोधन में कृषि क्षेत्र की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए खाद्य प्रसंस्करण के लिए नए उत्पादों, खासकर मसालों के बारे में चर्चा की, जिसकी वैश्विक बाज़ार में बड़ा मूल्य है। उन्होंने स्थानीय किसानों के लिए सही विपणन और प्रसंस्करण की रणनीतियां अपनाने को कहा, ताकि वे अपने उत्पादों का सही मूल्य प्राप्त कर सके।

इस अवसर पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के उप–कृषि विपणन सलाहकार डॉ. जे पी डोंगरे, मत्स्य विभाग की निदेशक जगताप कल्याणी राजेन्द्र, उद्योग विभाग के निदेशक राकेश दास और भारतीय वाणिज्य मंडल की वरिष्ठ निदेशक मधुपर्णा भौमिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्‌देश्य द्वीपो में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देना और स्टार्टअप के नए अवसर तलाशना था। कार्यक्रम में लगभग सौ उद्यमियों ने भाग लेकर इस अवसर का लाभ उठाया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए अंडमान चैम्बर ऑफ कॉर्मस के अध्यक्ष के. चन्द्रशेखरन ने उपस्थिति का आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस फरवरी को बिहार के भागलपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे। यह योजना तीन समान किस्तों में किसानों को प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए छह हजार रुपये प्रतिवर्ष प्रदान करती है। आज नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश भर के दो करोड़ पचास लाख किसान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अब तक कुल तीन लाख छियालीस हजार करोड़ रुपये जारी किये जा चुके हैं। श्री चौहान ने कहा कि इस योजना से छोटे किसानों के जीवन में एक बड़ा बदलाव आया है।

<><><><><><><>

केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज मुंबई में ग्रीन शिपिंग कॉन्क्लेव, दो हजार पच्चीस का उद्‌घाटन करते हुए वैश्विक समुद्री स्थिरता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक समुद्री क्रांति की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है, जो स्थिरता, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देता है। कॉन्क्लेव ने नीतिगत संवादों, तकनीकी चर्चाओं और गोलमेज बैठकों के लिए एक उच्च–प्रभावी मंच प्रदान किया, जिसमें उद्योग, सरकार और शिक्षा जगत के प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आई एम ओ महासचिव ने अक्षय ऊर्जा पर बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें स्वच्छ ईंधन निवेश और हरित बंदरगाह अवसंरचना पर ध्यान केंद्रित किया गया। लक्षित क्षेत्रों में ग्रीन एनर्जी शामिल है, जो राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के माध्यम से ग्रीन हाइड्रोजन, अमोनिया, जैव ईंधन और एलएनजी जैसे स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देता है।

<><><><><><><>

भारतीय जीवविज्ञानी और वन्यजीव संरक्षणवादी पूर्णिमा देवी बर्मन को टाइम पत्रिका द्वारा "वुमन ऑफ द ईयर" पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। यह पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण कार्यों के लिए प्रदान किया जाता है। पैंतालीस वर्षीय पूर्णिमा देवी इस सूची में एकमात्र भारतीय महिला है। असम की पूर्णिमा देवी लुप्तप्राय स्थानीय हरगिला पक्षी की रक्षा में अपने असाधारण प्रयासों के लिए जानी जाती हैं। तेरह महिलाओं की सूची में फ्रांस की अभिनेता निकोल किडमैन और गिसेले पेलिकॉट भी शामिल हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले के लिए किशोर न्याय बोर्ड और बाल कल्याण समिति का गठन किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग ने प्रतिष्ठित गैर–सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। दिशा–निर्देशों के अनुसार उम्मीदवार का बाल विकास या बाल संरक्षण के क्षेत्र में कम से कम सात साल कार्य अनुभव होना अनिवार्य है। इच्छुक उम्मीदवार सात मार्च तक निर्धारित आवेदन प्रपत्र को भरकर गोलघर स्थित समाज कल्याण निदेशक को डाक या मेल के माध्यम से भेज सकते हैं।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान के करमाटांग में सौ दिवसीय टीबी अभियान के तहत टीबी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को टीबी की रोकथाम और उपचार के बारे में शिक्षित करना था। जिला कार्यक्रम समन्वयक माधव राव वाई, ने टीबी के संचरण और लक्षणों पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के बीच बीमारी के बारे में गलत धारणाओं को दूर करना था। प्रतिभागियों को शीघ्र निदान के महत्व और स्क्रीनिंग एवं परीक्षण के लिए चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

कार निकोबार के आई सी डी एस–आदिवासी परियोजना में ज़िला महिला सशक्तिकरण के तहत भर्ती की जाएगी। अनुबंध के आधार पर लिंग विशेषज्ञ के दो, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ के एक, लेखा सहायक के एक और पी एम एम वी वाई, डेटा एन्ट्री ऑपरेटर के एक पद पर नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन अट्ठाईस फरवरी शाम पांच बजे तक विभाग के कार्यालय में या ज़िला उपायुक्त कार्यालय के अनेक्सर भवन में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

गाराचरमा में जंग लगे बिजली के खंभों के चैनलों को बदलने का कार्य किया जाएगा। इस सिलसिले में पैंथर–1 और पैंथर–2 ट्रांसमिशन लाइनों के साथ गाराचारमा और डॉलीगंज फीडर से भी बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में गाराचरमा, डॉलीगंज, अट्टम पहाड़, पुराना पहाड़गांव, और मिनी बे शामिल है। कटौती कल सुबह सात बजे से दोपहर दो बजे तक रहेगी।

<><><><><><><>

रांची बस्ती स्थित लॉर्ड शिव शंकर मंदिर कमेटी की ओर से छब्बीस फरवरी को महाशिवरात्रि पूजा का आयोजन किया जाएगा। पूजा शाम साढ़े छः बजे से आरंभ होगा। भजन और कीर्तन के बाद प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।

उधर, प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से गाराचरमा स्थित श्री धंदायुथपानी मंदिर में महाशिवरात्रि का आयोजन किया जाएगा। इस उपलक्ष्य में पच्चीस से सत्ताईस फरवरी तक शाम पांच बजे से द्वादस ज्योतिर्लिंगम कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। आंगनवाड़ी केन्द्र में अट्ठाईस फरवरी से शाम पांच बजे से सात दिवसीय राजयोग मेडिटेशन कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसका उद्देश्य लोगों को शांति और तनावमुक्त जीवन प्रदान करना है।

<><><><><><><>